सार-समाचार

अवैध अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। मादक पदार्थ विरोधी अभियान जारी रखते हुए केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों ने 9 मील चौराहा, चित्तौड़गढ़-कपासन रोड़, पर कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ 1.900 किलोग्राम अफीम सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने कहा कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति चित्तौड़गढ़ स्थित 9 मील चौराहा पर किसी अन्य मादक पदार्थ तस्कर को अवैध अफीम पहुँचाने वाला है। उक्त सूचना पर सीबीएन चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को रवाना किया गया। गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति की सफलतापूर्वक पहचान करने के बाद, उक्त व्यक्ति को चित्तौड़गढ़-कपासन रोड़, चित्तौड़गढ़ स्थित 9 मील चौराहा पर रोका। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि इस दौरान, उक्त व्यक्ति ने अंधेरे का फायदा उठाकर भागने की कोशिश की, लेकिन सीबीएन अधिकारियों की सतर्क टीम ने उसे सफलतापूर्वक दबोच लिया। टीम ने तलाशी के दौरान, कपड़े के थैले में रखी कुल 1.900 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की। कानूनी औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद, बरामद अफीम को जब्त कर लिया गया है और एनडीपीएस अधिनियम एक्ट में कार्यवाही करते हुए उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कोटा, (निसं)। विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर सोमवार को चिकित्सा विभाग ने जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। चिकित्सा संस्थानों पर लोगों को हेपिटाइटिस से बचाव, रोकथाम एवं उपचार संबधी जानकारी दी गई। वहीं, जन समुदाय को होर्डिंग्स व विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों से भी जागरूक किया। सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर ने बताया कि बताया कि हेपेटाइटिस-ए तथा ई दूषित भोजन व दूषित पानी से फैलता है। जबकि हेपेटाइटिस-बी तथा सी संक्रमित रक्त से, इंजेक्शन के पुनः उपयोग से, इंजेक्शन से नशा करने वाले, संक्रमित मां से बच्चे में एवं असुरक्षित यौन संबध से फैलता है। रोगों से बचाव के लिए जांच, उपचार और टीकाकरण जरूरी। डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ. घनश्याम मीना ने बताया कि सभी नवजात शिशुओं को जन्म के 24 घंटों के भीतर हेपेटाइटिस-बी का टीका एवं हेपेटाइटिस-बी संक्रमित महिला से जन्मे शिशु को इम्युनोग्लोबिन अवश्य लगवाएं। हेपेटाइटिस बीमारी के लक्षण दिखने पर निःशुल्क जांच एवं उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में संपर्क करें। एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में एपीडेमियोलोजिस्ट डॉ. विनोद प्रभाकर ने नर्सिंग छात्राओं को वायरल हेपिटाइटिस ए, बी, सी, डी एवं ई की रोकथाम एवं बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. नागर ने बताया कि सभी चिकित्सा संस्थानों पर हैल्थ केयर वर्कर को हेपेटाइटिस-बी का टीका लगाया जाएगा।

कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

कोटा, (निसं)। हाड़ौती के पहले होटल मैनेजमेंट संस्थान एलबीएस कॉलेज आफ होटल मैनेजमेंट कोटा द्वारा कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को छह समूहों में बांटा गया। लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुकिंग प्रतियोगिता के विशेष अतिथियों के रूप में डा. संजय सोनी, एवं डॉ. शिल्पा माथुर रही। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की प्रस्तुति दी। संस्थान के चेयरमैन कुलदीप माथुर ने बताया कि खाना बनाना भी एक कला है और फाइव स्टार होटल के शेफ बहुत ही प्रोफेशनली काम करते है। कुकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया। संस्थान के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि ऐसे अवसर विद्यार्थियों को आगे भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

आज यहां बिजली बंद रहेगी

कोटा, (निसं)। विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण मंगलवार को सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक बालिता गांव, स्वीट होम कॉलोनी, मरडिया बस्ती, वर्धमान नगर, रामचंद्रपुरा, वर्धमान नगर, श्रीनाथ विहार, अंबिकापुरी, धन धन सतगुरु रोड, वर्धमान एन्क्लेव, सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक तलवंडी सेक्टर ए और बी और सी, सेक्टर 1,2 और 4, सुबह 9 से 12 बजे गुरुद्वारा, रंजीत कॉलोनी, नॉर्थ एक्स कॉलोनी सोगरिया, मधुबन कॉलोनी सोगरिया, संत नामदेव आईटीआई, गुरु गोविंद सिंह पार्क, जैन मंदिर, एलबीएस स्कूल के पास, दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक स्काई पार्क (सुभाष नगर), सुभाष नगर 1, 2, 3, किताब सर्किल, सुभाष नगर पीएचईडी, पोरवाल बगीचा आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

बीमारियों की रोकथाम के लिए घरों का सर्वे

कोटा, (निसं)। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए कामयाब कोटा के तहत सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की 730 टीमों ने जिले में 13071 घरों का सर्वे कर लार्वारोधी व जागरूकता गतिविधियां की। सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर ने बताया कि मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि की रोकथाम के लिए टीमों ने 24299 कंटेनरों की जांच की, इस दौरान लार्वा मिले 146 कंटेनरों को उपचारित किया, 2843 कंटेनरों को खाली कराया, 1484 कंटेनरों में टेमीफोस व 1059 स्थानों पर एमएलओ डाला। इस दौरान 176 ब्लड स्लाईड भी ली गई। 400 कमरों में पायरेथ्रम का स्प्रे किया गया। लार्वा मिलने पर 27 मकान मालिकों को नोटिस दिये। आमजन को बचाव-रोकथाम संबधी जागरूकता के पम्पलेट वितरित किए, पोस्टर व स्टीकर चस्पा किए।

हल्दीघाटी एक्सप्रेस नीमच-रतलाम के मध्य आंशिक निरस्त

कोटा, (निसं)। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के रतलाम-नीमच सेक्शन में ढोढर-दलौदा स्टेशनों के बीच डबलिंग कार्य के कारण कोटा होकर जाने वाली हल्दीघाटी एक्सप्रेस को आंशिक रूप से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 19818 कोटा होकर यमुना ब्रिज आगरा से रतलाम को जाने हल्दीघाटी एक्सप्रेस 28 एवं 29 जुलाई को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर नीमच तक ही जायेगी अर्थात यह गाड़ी नीमच-रतलाम के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अधिकारी-कोटा सौरभ जैन ने बताया कि यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशनों, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करे।

बीएलओ, पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण कार्यक्रम

छबड़ा (निसं)। छबड़ा-छीपाबड़ौद में आगामी दिनों में प्रस्तावित निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में 28 जुलाई से एक अगस्त तक सभी बीएलओं, सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी रामसिंह गुर्जर ने बताया कि भाग संख्या 1 से 138 तक का प्रशिक्षण मुख्यालय छीपाबड़ौद में और 139 से 261 तक सभी बीएलओं, सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण राउमावि छबडा में दिया जाएगा। प्रशिक्षण का समय सुबह 09.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक रहेगा। प्रशिक्षण के लिए जिला स्तर से तरूण कुमार मित्तल व्याख्याता, मोहनलाल जाखड व्याख्याता, इन्द्रराज, व्याख्याता पूनम गौतम, धनुष देव बैरागी व्याख्याता, विधानसभा स्तर पर राकेश कुमार मालव अध्यापक, महेश मेरोठा, सुरेन्द्र कुमार साल्वी अध्यापक, ललित चितौडा, चम्पालाल मीणा व्याख्याता, प्रकाश गुर्जर अध्यापक, मुरलीधर नागर, सत्यनारायण शर्मा वरिष्ठ अध्यापक, पंकज गालव व्याख्याता आदि को प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है।

छात्रा प्रियांशी राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में करेगी राज्य का प्रतिनिधित्व

कोटा, (निसं)। प्रगति स्कूल की छात्रा प्रियांशी ने सब-जूनियर राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने कौशल का परिचय दिया है। अब वह राजस्थान टीम का हिस्सा बनकर वर्ष 2025-26 की नेशनल सब-जूनियर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भाग लेंगी, जो नोएडा, (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होने जा रही है। नेशनल सब जूनियर बॉक्सिंग टूर्नामेंट 26 जुलाई को जयपुर में आयोजित हुई राजस्थान टीम की चयन ट्रायल में प्रियांशी सैनी ने क्वार्टर फाइनल में धौलपुर की नव्या शर्मा को एवं फाइनल में झूंझनू की महिमा को हराकर यह स्वर्ण पदक हासिल किया।

बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण करना पहली प्राथमिकता : पुलिस अधीक्षक

कोटा, (निसं)। शहर में बढ़ते अपराध अवैध मादक पदार्थ तस्करी, संगठित अपराध, चाकूबाजी जैसी वारदातों पर अंकुश लगाने के लिये पूरी टीम के साथ कार्य करना पहली प्राथमिकता में रहेगा। यह बात शहर की नई पुलिस अधीक्षक आईपीएस तेजस्वनी गौतम ने सोमवार को पदभार ग्रहण के बाद मिडिया से वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि उनके सामने आया है कि कोटा में चाकूबाजी की काफी घटनाएं होती है उन्होने कहा कि चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये अधिकारियों के साथ बैठक कर विषेश रूपरेखा तैयार की जायेगी। शहर एसपी तेजस्वनी गौतम ने कोचिंग स्टूडेंट और महिला सुरक्षा को लेकर कहा कि पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। उन्होने कहा कि मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम व तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के लिये अभियान चलाया जायेगा।

शहर एसपी ने कहा कि इन दिनों बारिश का दौर चल रहा है और ऐसे में नदी, नालों, नहरों व पिकनिक स्पॉट पर कई लोग रील बनाने के लिए खतरों से खेल रहे हैं।

ऐसे में आमजन से अपील की जाती है कि वह सावधानी बरतें और खतरनाक पिकनिक स्पॉट व नदी नालों के पास नही भटके।

शहर एसपी ने कहा कि वह शहर के सभी थानों का निरीक्षण करेगी और कानून व्यवस्था को मजबूत करेंगे। शहर एसपी ने कहा कि सोमवार को ही पदभार ग्रहण किया है बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण के लिये पूरी टीम के साथ काम करने के लिये रूपरेखा तैयार की जायेगी।

नवनियुक्त शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम।

एलन के रूद्र पेठानी ने गोल्ड मैडल जीता

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के स्टूडेंट्स इंटरनेशनल लेवल पर होने वाले ओलंपियाड्स में लगातार अपनी श्रेष्ठता साबित कर रहे हैं।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रेसिडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि 36वें इंटरनेशनल बॉयोलॉजी ओलंपियाड (आईबीओ) में एलन के स्टूडेंट रुद्र पेठानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल हासिल किया है। कुमावत ने बताया कि रूद्र एलन का रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट है और उसने इंटरनेशनल बॉयोलॉजी ओलंपियाड में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। जो कि 20 से 27 जुलाई तक फिलीपिन्स के क्वीजोन शहर में आयोजित हुआ था। आईबीओ चार चरणों में आयोजित किया जाता है।

कोटा विकास प्राधिकरण की पांचवीं बैठक आयोजित

कोटा, (निसं)। संभागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष, कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) राजेन्द्र सिंह शेखावत ने केडीए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोटा में मसाला चौक सितंबर माह से शुरु कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा रामनिवास बाग में संचालित मसाला चौक की तर्ज पर ही केडीए द्वारा यहां दुकानों का आवंटन किया जाए। उन्होंने मसाला चौक का संचालन कार्य वेंडर के माध्यम से करने और वेंडर चयन के लिए एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मसाला चौक में शहर की मशहूर खाने-पीने की चीजों की दुकानें खुले। साथ ही, युवाओं से संबंधित गतिविधियां भी हों और किसी भी तरह की अवांछित गतिविधियों को अनुमति नहीं दी जाए।

कोटा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सोमवार को प्राधिकरण की पांचवी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक में प्राधिकरण द्वारा विभिन्न बैंकों में कार्यरत् अधिकारियों-कर्मचारियों की मांग को देखते हुए बैंकर्स कॉलोनी काटने तथा केडीए अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए केडीए कॉलोनी विकसित करने के निर्णय लिए गए। दोनों कॉलोनियों के लिए केडीए द्वारा जगह चिन्हित की जाएगी। बैठक में अध्यक्ष ने रीको के अधिकारियों को मंडाना और कसार में 350 हैक्टेयर भूमि हस्तांतरण के लिए डीएलसी दरों पर राशि की गणना कर केडीए में जमा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशि जमा होने के बाद ही भूमि का पजेशन रीको को दिया जाएगा। केडीए अध्यक्ष ने चंबल रिवर फ्रंट के रखरखाव एवं रिवर फ्रंट के संचालन के लिए निविदा के माध्यम से एजेंसी तय करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिस एजेंसी को संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी दी जाए उसकी शर्तें तय करते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा जाए कि संबंधित एजेंसी नियम एवं प्रक्रियाओं का पूरा पालन करे। बैठक में अधिकारियों ने केडीए की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों के बारे में जानकारी दी।

22 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा सहित दो गिरफ्तार

भीमगंजमंडी पुलिस ने अवैध मादक डोडा-चूरा सहित दो आरोपी गिरफ्तार किये।

कोटा, (निसं)। भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 22 किलो 892 ग्राम डोडा चूरा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये अभियान चलाया जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान रंगपुर पुलिया पर दो जनो पर संदेह होने पर उनको डिटेन कर तलाशी ली तो उनके पास से अवैध मादक पदार्थ 22 किलो 829 ग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ। थानाधिकारी ने बताया कि मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए जिला झालावाड़ के गुराडिया इसर निवासी जसपाल सिंह (26) एवं हडमत सिंह उर्फ लाल सिंह (24) को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में अनुसंधान नयापुरा पुलिस कर रही है। पकड़े गये तस्करों से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ जारी है।

सिंधु चिकित्सालय के चुनाव में नाथानी अध्यक्ष एवं विमल सचिव चुने गए

कोटा, (निसं)। सिंधु समाज कल्याण समिति द्वारा संचालित सिंधु चिकित्सालय के द्विवार्षिक चुनाव नियमानुसार चुनाव अधिकारी अर्जुन जय सिंघानीएवं सी पी भावनानी की देखरेख में कराए गए। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में दो प्रत्याशी होने पर मतदान कराया गया एवं मतगणना के बाद चुनाव अधिकारियों द्वारा नियमानुसार प्रकाश वीर नाथानी को विजयी घोषित किया गया। संरक्षक किशोर मदनानी, उपाध्यक्ष हरीश दयानी, सचिव विमल परियानी ,सह सचिव बसंत वालेचा ,कोषाध्यक्ष हरि प्रकाश पंजवानी एवं निर्माण मंत्री कमल सपरा को निर्विरोध घोषित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश वीर नाथानी ने बताया चिकित्सा क्षेत्र में सिंधु चिकित्सालय की सेवाओं एवं सुविधाओं में विस्तार प्राथमिकता होगी।

कावड़ यात्रा निकली

बूंदी (निसं)। शहर के बालचंद पाडा स्थित ब्रह्मांडेश्वर गौशाला से सावन मास के तीसरे सोमवार को भाव कावड यात्रा निकाली गई। कावड यात्रा से पूर्व भगवान शिव की पूजा अर्चना और अभिषेक किया गया।

गौशाला अध्यक्ष महावीर जैन और पूर्व सरपंच मनमोहन धाभाई ने 21 कावड यात्रीयो का माल्यार्पण कर स्वागत किया और कावड यात्रा को रवाना किया। कावड यात्रा ब्रह्मांडेश्वर गौशाला से हीरामन जी का चौक, सूरज जी का बढ़, रावला चौक होते हुए रामेश्वर महादेव पहुंचेगी।

जिले में अपराध व नशे के खिलाफ सख्त होगी कार्यवाही : डीआईजी

कोटा, (निसं)। हाड़ौती संभाग के चारो जिलों में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण व मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कठोर कदम उठाना पहली प्राथमिकता में रहेगा। यह बात कोटा में पदभार संभालने के बाद मिडिया से रूबरू होते हुए उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल ने कही।

डीआईजी राजेन्द्र प्रसाद गोयल ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप अपराधों की रोकथाम के लिये कार्य योजना बनाकर कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हाड़ौती संभाग के चारों जिले कोटा, बूंदी, झालावाड़ एवं बारां के अधिकारियो को अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये है।

उन्होंने कहा कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा हो इसके लिये भी कार्य किया जायेगा। कोटा कोचिंग नगरी के नाम से जाना जाता है अगर किसी भी स्टूडेन्ट को कोई भी परेशानी हो तो वह आईजी कार्यलय आकर उनसे मिल सकते है।

नवनियुक्त डीआईजी राजेन्द्र प्रसाद गोयल।

■ 'आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा हो इसके लिये भी कार्य किया जायेगा'

डीआईजी राजेन्द्र प्रसाद गोयल ने कहा कि मानसूनी सीजन में नहरों व नालों में पानी के बहाव को देखते हुए चारों संभाग के सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि उनके क्षेत्र में कहीं नदी नालों में पानी का तेज बहाव है उन स्थानों पर अतिरिक्त जाप्ता लगाये ताकि कोई दुर्घटना होने से रोका जा सके है। उन्होने आमजन से भी अपील की है कि ऐसे स्थानो पर जाने से बचे और पुलिस को सहयोग दें। उन्होन कहा कि कोटा में बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं को रोकने के लिये भी रूपरेखा तैयार करके कार्य किया जायेगा।

सार-समाचार

हरियालो राजस्थान अभियान-कोटा में वृहद स्तर पर हुआ पौधारोपण

कोटा, (निसं)। हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत सोमवार को कोटा जिले में विभिन्न विभागों, संस्थाओं व आमजन की सहभागिता से वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। वन विभाग द्वारा बनयानी, सीमलहेड़ी व देवली नाला क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पौधारोपण एवं बीजारोपण कार्य संपन्न हुआ। अभियान के तहत वन क्षेत्र में जैव विविधता को बढ़ावा देने हेतु उपयुक्त प्रजातियों का चयन कर पौधे लगाए गए। वहीं एक पेड़ मां के नाम भावनात्मक अभियान को मजबूती देते हुए विभिन्न विभागों जैसे एकीकृत बाल विकास, शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, कोटा विकास प्राधिकरण आदि के कार्मिकों द्वारा भी अपने-अपने संस्थानों एवं परिसरों में पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही कई स्वयंसेवी संस्थाएं, सामाजिक संगठन एवं क्लबों द्वारा भी शहर व ग्रामीण अंचलों में पर्यावरण संरक्षण की भावना से प्रेरित होकर पौधे लगाए गए। अभियान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए हरियालो ऐप के माध्यम से पौधारोपण की जानकारी अपलोड की गई, ताकि अभियान का समुचित डेटा एकत्र कर निगरानी की जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जनसहयोग से ग्राम स्तर पर सघन पौधारोपण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन, विद्यार्थी, शिक्षक, महिला एवं युवा समूहों की सहभागिता रही।

सीबीएन के तत्कालीन अति. नारकोटिक्स कमिश्नर व दलाल को 3-3 साल की सजा

कोटा, (निसं)। एसीबी न्यायालय ने रिश्वत लेने के सात साल पुराने मामले में सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी केन्द्रीय नारकोटिक्स विभाग (सीबीएन) के तत्कालिन अतिरिक्त नारकोटिक्स कमीशनर सहीराम मीणा व दलाल कमलेश धाकड़ को दोषी मानते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई। सहायक अभियोजन निर्देशक जया गौतम ने बताया कि कोटा एसीबी टीम को सूचना मिली थी कि अफीम लाईसेंस धारियों ने नारकोटिक्स विभाग कोटा के अधिकारी की ओर से अफीम पट्टे और मुखिया की नियुक्ति के संबध में अवैध रिश्वत की मांग की हैं, और यह रिश्वत अफीम पट्टा संबधी ग्राम मुखिया के मार्फत ली जा रही है। उक्त सूचना पर एसीबी टीम ने ट्रेप कार्यवाही की थी। टीम की कार्यवाही के दौरान सामने आया कि दलाल कमलेश ने नंदलाल को मुखिया बनाने की एवज में सीबीएन के अधिकारी सहीराम मीणा की ओर से रिश्वत की मांग की है। 26 जनवरी 2019 को दलाल कमलेश रिश्वत की रकम एक लाख रूपये लेकर जैसे ही अधिकारी सहीराम मीणा के आवास पर पहुंचा तो एसीबी टीम ने इशारा मिलते ही ट्रेप कार्यवाही करते हुए केन्द्रीय नारकोटिक्स विभाग के अतिरक्त नारकोटिक्स कमीशनर सहीराम मीणा व दलाल कमलेश धाकड़ को पकड़ लिया। मामले में अनुसंधान करते हुए एसीबी टीम ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया।

फरार हिस्ट्रीशीटर व उसका साथी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कुन्हाड़ी पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों में एक आरोपी थाना कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर भी है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम नें बताया कि 12 जुलाई को फरियादी प्रियांशु ने कुन्हाड़ी थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि मै और मेरा भाई दोनों छोटी पुलिया चम्बल पुल के पास खड़े थे, तभी अरूण तमोली और मुकद्दर तमौली आयें और जान से मारने की नियत से चाकू से जानलेवा हमला कर दिया और आरोपी मौके से फरार हो गये। शहर एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियो की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन में कुन्हाड़ी थानाधिकारी अरविन्द्र भारद्वाज के नेतृत्व में टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये संभावित स्थानों पर दबिशें दी। तकनिकी अनुसंधान का उपयोग करते हुए पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास में फरार आरोपी लाडपुरा निवासी मुकद्दर तमोली (28) एवं उसके साथी प्रताप चौक लाड़पुरा निवासी अरूण कुमार(26) को गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि पकडा गया आरोपी मुकद्दर तमोली कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पकड़े गये दोनो आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

उपभोक्ताओं से पेयजल संग्रहण की अपील

कोटा, (निसं)। जवाहर सागर डेम एवं कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने एवं चम्बल नदी के अपस्ट्रीम में भारी वर्षा के कारण शहरी जल योजना के मुख्य जल उत्पादन अकेलगढ़ पर पानी में टर्बिडीटी 500 एनटीयू से अधिक (गन्दलापान) आ गया है, जिसके कारण अकेलगढ़ जल शोधन केन्द्र की शुद्ध पेयजल उत्पादन क्षमता 25 प्रतिशत तक कम हो गई है। अधिशाषी अभियंता पीएचईडी नगर खंड प्रथम प्रकाश वीर नाथानी ने पेयजल उपभोक्ताओं से अपील की है कि पेयजल संग्रहण करके रखें।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति (विशिष्ठ श्रैणी)
रामगंजमंडी जिला कोटा

क्रमांकः 652–661 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक : 25.07.2025

कृषि उपज मंडी समिति रामगंजमंडी में रिक्त निर्मित परिसम्पत्तियों/भूखण्डों का 99 वर्षीय लीज पर द्वितीय एवं पश्चातवर्ती चरणों में आवेदन करने हेतु आवंटन सूचना क्रमांक 193–201 दिनांक 09.05.2025 से आवदेन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदनों की जांच उपरान्त पाये गये पात्र/अपात्र आवेदकों की सूची इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 641–49 दिनांक 24.07.2025 से जारी कर दी गई है। उक्त सूची मण्डी समिति के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है। उक्त प्रकाशित सूची के सम्बन्ध में किसी भी फर्म/आवेदक को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो दिनांक 10.08.2025 तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

राज.संवाद/सी/25/6977 सचिव

कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, कोटा राजस्थान

क्रमांकः-5483 दिनांकः- 25.7.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संगीता शर्मा एवं श्री रजत पाठक एवं श्री शुभम पाठक पिसरान स्व. श्री संजय पाठक निवासी-122 शोपिंग सेंटर गुमानपुरा कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण भूखण्ड संख्या-122 शोपिंग सेंटर कोटा (राज.) नगर निगम कोटा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखण्ड संख्या-122 शोपिंग सेंटर गुमानपुरा क्षेत्रफल-2400 वर्गफुट का कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल परियोजना कोटा के क्रमांक-2980 मण्डी कमेटी/61 दिनांक 01.08.1961 से श्री भवानी शंकर पुत्र श्री हरि वल्लभ को विक्रय किया गया है। श्री भवानी शंकर पुत्र श्री हरि वल्लभ ने दिनांक 29.08.1962 से श्री मेघराज सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह को बेचान कर दिया है। श्री मेघराज सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह ने दिनांक 31.08.1963 से श्रीमती मोहनी बाई पत्नी श्री श्याम बिहारी को बेचान कर दिया है। श्रीमती मोहनी बाई पत्नी श्री श्याम बिहारी की मृत्यु दिनांक 29.05.2025 को हो चुकी है। श्री संजय पाठक की मृत्यु दिनांक 28.11.2002 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके शेष विधिक वारिसान श्री श्याम बिहारी पाठक पुत्र स्व. श्री राम नारायण शर्मा ने अपना हक पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 03.07.2025 के पक्ष में त्याग दिया है। श्रीमती संगीता शर्मा एवं श्री रजत पाठक एवं श्री शुभम पाठक पिसरान् स्व. श्री संजय पाठक के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। मियाद आपत्ति मान्य नही होगी। **उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कु.भू.रू./2025/770 **विज्ञप्ति** दिनांकः- 25.7.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालिता में स्थित कृषि भूमि योजना बजाज नगर खसरा नं. 234/2 में स्थित भूखण्ड संख्या 117 आवेदक/आवेदिका श्री शिवराज मीना पुत्र श्री भूरा राम मीना निवासी पंछा का बडा जहाजपुर भीलवाडा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 349 दिनांक 08.10.2014 को श्री टीकम गुप्ता पुत्र श्री ग्यारसीलाल गुप्ता के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 30.01.2024 को जर्ये मुख्तारआम रिया झामनानी पत्नि श्री सुरेन्द्र कुमार झामनानी व नीलेश गोयल पुत्र श्री मोहन लाल गोयल द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री शिवराज मीना पुत्र श्री भूरा राम मीना के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-367 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांकः-28.7.2025

नगर विकास न्यास कोटा की विवेकानन्द नगर आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 343 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 02.11.2004 को श्री रविन्द्र कुमार पुत्र स्व. श्री मंशाराम को हस्तान्तरण किया गया था। आवंटी श्री रविन्द्र कुमार द्वारा उक्त आवास का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 17.02.2009 को श्री शिवराज नागर पुत्र श्री रामनारायण नागर को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री शिवराज नागर की मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान हकदार द्व